RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई :गुरुवार, 27 अक्टूबर 2022 | वर्ष 04 | अंक 164 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# पालघर में स्थित केमिकल फैक्ट्री में लगी भीषण आग

## 3 की मौत...10 से अधिक घायल




**पालघर :** पालघर में स्थित एक केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गये. ह्यफैक्ट्री में आग बॉयलर में विस्फोट की वजह से लगी. घायलों को बोइसारो के शिंदे अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पालघर पुलिस ने मरने वालों की पुष्टि की है. घटना शाम करीब 4.15 बजे की है. पालघर पुलिस नियंत्रण कक्ष के एक अधिकारी ने बताया कि तारापुर-बोइसर औद्योगिक क्षेत्र में भंगेरिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड के रासायनिक संयंत्र में। स्थानीय दमकल विभाग, पुलिस और अन्य बचाव दल, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे. अधिकारी ने कहा कि घायल पीड़ितों में से कुछ गंभीर रूप से झुलस गए हैं.

# महाराष्ट्र में अब तक 1.43 लाख मवेशी लंपी रोग से प्रभावित

## 90 हजार से अधिक ठीक हुए : अधिकारी

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में अब तक 1,43,089 मवेशी लंपी रोग से प्रभावित हो चुके हैं, जिनमें से 93,166 उचित इलाज के बाद स्वस्थ हो गए हैं। पशुपालन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पशुपालन आयुक्त सचिंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि यह बीमारी अब तक राज्य के कुल 36 जिलों में से 32 जिलों के 3,030 गांवों में फैल चुकी है।



**रश्मि शुक्ला बन सकती हैं महाराष्ट्र की डीजीपी, उद्धव सरकार में थीं निशाने पर**

सत्ता का खेल निराला है, इसके बदलते ही सारे मोहरे बदल जाते हैं। अब महाराष्ट्र को ही लीजिए, पूर्ववर्ती उद्धव ठाकरे सरकार ने जिस वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रश्मि शुक्ला के खिलाफ केस दर्ज कराया था, अब उन्हें शिंदे नीत भाजपा सरकार राज्य का डीजीपी बनाने जा रही है। रश्मि शुक्ला 1988 बैच की आईपीएस अधिकारी हैं। वे फिलहाल सीआरपीएफ की एडीजी के तौर पर हैदराबाद में पदस्थ हैं। महाराष्ट्र सरकार में भाजपा के एक मंत्री ने शुक्ला को अगले सप्ताह तक डीजीपी बनाए जाने का दावा किया है।

**फोन टैपिंग मामले में दर्ज हुआ था केस**

उद्धव ठाकरे नीत महाविकास अघाड़ी सरकार ने रश्मि शुक्ला के खिलाफ फोन टैपिंग मामले में एफआईआर दर्ज कराई थी। रश्मि शुक्ला महाराष्ट्र की खुफिया प्रमुख रही हैं। उन पर एनसीपी के नेता एकनाथ खडसे एवं शिवसेना सांसद संजय राउत के फोन टैप करने के आरोप लगे थे। कोलाबा पुलिस ने मार्च में शुक्ला के खिलाफ केस दर्ज किया था। फोन टैपिंग को लेकर तत्कालीन महाविकास अघाड़ी सरकार व भाजपा के बीच आरोप प्रत्यारोप का खेल चला था।

**डीजीपी सेठ से भी वरिष्ठ हैं शुक्ला**

सत्ता परिवर्तन के चलते अब एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना भाजपा सरकार उन्हें राज्य का सर्वोच्च पुलिस पद देने के मूड में है। आईपीएस अधिकारी हेमंत नगराले के बाद रश्मि शुक्ला महाराष्ट्र की सबसे वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी हैं। नगराले इसी माह के अंत में सेवानिवृत्त होने वाले हैं। शुक्ला मौजूदा डीजीपी रजनीश सेठ से भी वरिष्ठ हैं। आईपीएस शुक्ला का कार्यकाल जून 2024 में पूरा होगा। शिंदे सरकार ने हाल ही में पुलिस विभाग को शुक्ला के खिलाफ केस चलाने की इजाजत देने से इनकार कर दिया था।

# जुहू का बदलेगा चेहरा


## मनपा खर्च करेगी ४ करोड़ रुपए...!

**मुंबई :** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में समुद्री तट का आनंद लेनेवाले पर्यटकों के लिए जुहू बीच काफी पसंदीदा है। मुंबई में सबसे लंबे और चर्चित जुहू बीच पर देश-विदेश से आए पर्यटक घंटों वक्त गुजारते हैं। यहां रात में नजारा मन को लुभानेवाला हो जाता है। मुंबई के जाने-माने जुहू बीच पर इन दिनों गंदगी, अतिक्रमण आदि के चलते इसकी सुंदरता में विघ्न पड़ रहा है। लेकिन अब मनपा इसका सौंदर्यीकरण कर इसे और आकर्षक बनाएगी। मनपा यहां साफ-सफाई के लिए मशीनरी बढ़ाएगी, इससे सटी दीवारों को पेंटिंग कर नया लुक दिया जाएगा। सबसे महत्वपूर्ण यहां अब लेजर लाइट लगाई जाएगी, जिससे जुहू बीच की रात विभिन्न रंगों की रोशनी से रंगीन हो जाएगी और जुहू बीच का नजारा बदल जाएगा।

मनपा के एक अधिकारी के अनुसार जुहू बीच की सुंदरता को लेकर मनपा गंभीर है। इसे स्वच्छ और सुंदर बनाने के साथ आकर्षक बनाया जाएगा। यहां साफ-सफाई के लिए व्यवस्था बढ़ाई जाएगी। इससे सटी दीवारों, खंभों और पत्थरों पर पेंटिंग की जाएगी, जो कि पर्यावरणपूरक होगी। यह काम जल्द ही शुरू किया जाएगा। इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण है कि यहां लेजर लाइट शो शुरू किया जाएगा। रोजाना रात में ७ से १० तक लार्जर लाइट शो चलेगा। हर १५ मिनट के अंतराल पर शो एक्टिव रहेगा, यहां वृक्षारोपण भी किया जाएगा।



# शादी कर लड़कों को झूठे मामले में फंसाती है यह लड़की...



## घर-बार छीन ला देती है सड़कों पर

**मुंबई :** महाराष्ट्र की अंबोली पुलिस को इन दिनों एक महिला की तलाश है, जो धोखाधड़ी के मामले में शामिल है। इस लड़की पर आरोप है कि इसने अपनी पहली शादीशुदा जिंदगी के बारे में झूठ बोलकर अंधेरी में रहने वाले एक 30 साल के शख्स के साथ शादी की और बाद में उसके खिलाफ दुष्कर्म की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस के मुताबिक, उसने दो और लोगों के खिलाफ भी दुष्कर्म और दहेज के लिए प्रताड़ित करने संबंधी शिकायत दर्ज कराई है। महिला की पहचान हर्षिता पांडे के रूप में हुई है और उसके परिवार के अन्य सदस्य जैसे कि उसके माता-पिता और भाई सभी इस गिरोह में शामिल हैं। मालूम हो कि युवती ने अंधेरी वाले शख्स से शादी नवंबर में आर्य समाज के तहत रचाई थी।

शादी के बाद युवती ने विवाह प्रमाणपत्र के लिए अप्लाई किया, जबकि शख्स खुद इसके लिए आवेदन करने की बात पर जोर दे रहा था। इसके बाद मई में उसने अपने पति के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया। इससे उसका पति घबरा गया और उसने आनन-फानन में विवाह प्रमाणपत्र की एक दूसरी कॉपी के लिए अप्लाई किया, पता चला कि इसके लिए पहले कोई आवेदन आया ही नहीं है। यानि कि उसकी पत्नी ने उसे जो मैरिज सर्टिफिकेट पकड़ाया था वह फर्जी था।

# मुंबई में आराम की जिंदगी के लिए माडल ने एटीएम से की 5.6 लाख रुपये की ठगी!

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की MIDC पुलिस ने मेवात के रहने वाले एक संघर्षरत माडल को कथित रूप से एटीएम मशीनों में गड़बड़ी कर पैसे निकालने और बैंक को धोखा देने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस को फिलहाल माडल के उन पांच साथियों की तलाश है, जो इस धोखाधड़ी वाले काम में उसके साथ शामिल रहे हैं। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर मंगलवार को मुंबई के हॉलीडे कोर्ट में पेश कर वहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया।



**RBL बैंक अकाउंट से निकाले 5.6 लाख रुपये**

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, माडल खान ने अपने गिरोह के साथ मिलकर पिछले हफ्ते मरोल में स्थित आरबीएल बैंक के एटीएम से 5.6 लाख रुपये निकाले। धोखाधड़ी के इस मामले का खुलासा तब हुआ जब बैंक मैनेजर को एटीएम मशीन से हुए लेन-देन में कुछ विसंगतियां मिलीं। बाद में एटीएम सेंटर में लगे सीसीटीवी को खंगाला गया तो उन्हें सच्चाई का पता चला। बैंक अधिकारियों ने देखा कि चार लोग एटीएम के अंदर घुसे थे।

इसके बाद आरोपियों ने मशीन से पैसे निकलते वक्त सीसीटीवी कैमरे को ढंकने का प्रयास किया। पैसे पाकेट में भर लेने के बाद इन्होंने यह कहते हुए बैंक को काल लगाया कि उनके अकाउंट से पैसे कट गए हैं, लेकिन मशीन से कैश नहीं मिला है। बैंक अधिकारियों ने इसकी जांच करनी शुरू कर दी और पुलिस को इस बीच खबर दी। पुलिस ने छानबीन के दौरान पाया है एटीएम के बाहर एक बाइक खड़ी है, जिसका रजिस्ट्रेशन नंबर राजस्थान का है।

**आरोपी ने अपना घर किसी को नहीं दिखाया**

घटना के बाद खान भी एटीएम के बाहर खड़ा मिला ताकि अपने गैंग को अलर्ट कर सके और फिर पुलिस ने नंबर प्लेट के आधार पर आरोपियों का पता लगा लिया, जो अंधेरी के किसी सोसायटी में रहते हैं।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# संवेदनहीन होता समाज...!

कन्नौज के एक सरकारी गेस्ट हाउस के अहाते में दर्द से तड़पती, मदद के लिए हाथ थाम लेने की गुहार लगाती 12 साल की बच्ची और उसे अस्पताल पहुंचाने के बजाय मोबाइल से उसकी तस्वीरें उतारती भीड़ का वायरल वीडियो जहां शर्मसार करने वाला है, तो वहीं स्थानीय चौकी प्रभारी मनोज पांडेय का उसे गोद में लेकर अस्पताल की ओर दौड़ पड़ने का दृश्य यह भरोसा देता है कि अभी सब कुछ रीता नहीं है। इस पुलिस अधिकारी की जितनी भी सराहना की जाए, कम है। प्रारंभिक सूचना के मुताबिक, बच्ची इतवार शाम बाजार से गुल्लक खरीदने निकली थी, मगर देर रात तक घर नहीं पहुंची, तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की। बच्ची की हालत गंभीर है, और उसे कानपुर इलाज के लिए ले जाया गया है। इस घटना की तफसील तो मुकम्मल पुलिस जांच से पता चल सकेगी, लेकिन इसे इंसानियत की कसौटी पर परखे जाने की जरूरत है।

यह पहली बार नहीं है, जब ऐसा वीडियो सामने आया है। यह प्रवृत्ति बढ़ती ही जा रही है और एक सभ्य समाज के तौर पर यह हमारे लिए चिंता की बात होनी चाहिए। एक दौर था, जब सड़क दुर्घटनाओं में लोग किसी की मदद से कतराते थे कि पुलिस के 'लफड़े' में कौन पड़े? इस सोच को हमारी नागरिक व्यवस्था पर एक नकारात्मक टिप्पणी के रूप में लिया जाता था। मगर हाल के वर्षों में सड़क-सुरक्षा संबंधी कायदे-कानूनों में सुधार और सरकारों की प्रोत्साहन-योजनाओं से लोग अब मदद के लिए आगे आने लगे हैं। यकीनन, इस बदलाव से अनगिनत लोगों की जान बची है। मगर स्मार्टफोन और सोशल मीडिया की बढ़ती लोकप्रियता ने किसी आशंका व भयवश मदद से गुरेज को दूसरों की पीड़ा में आनंद की तलाश तक पहुंचा दिया है। आखिर एक तड़पती बेबस बच्ची का वीडियो बनाने या उसकी तस्वीर उतारने के पीछे और क्या मकसद हो सकता है?

निस्संदेह, मानव-सभ्यता के विकास में प्रौद्योगिकी ने अहम रोल निभाया है, मगर मनुष्यता का सफर हमने मानवीय मूल्यों के सहारे ही तय किया है। इसीलिए जब कभी कोई इन मूल्यों से दूर जाते दिखता है, तो चिंता होती है। होनी चाहिए। दुनिया का कोई भी समाज सिर्फ तंत्र और सरकार के भरोसे आगे नहीं बढ़ सकता, उसे अपने कर्तव्यों का भी सम्यक निबाह करना होता है। जो लोग कन्नौज की लहूलुहान बच्ची को फौरन अस्पताल ले जाने की जगह उसकी तस्वीरें उतारने में मशगूल थे, क्या उन्होंने अपने नागरिक धर्म का निर्वाह किया? ऐसे तमाशाई लोगों के खिलाफ भी क्यों नहीं कार्रवाई होनी चाहिए? मोबाइल वीडियो और सोशल मीडिया के जरिये किसी उत्पीड़न, शोषण या कमी को उजागर करना यदि सराहनीय कार्य है, तो किसी की तकलीफ का तमाशा बनाना भी आपराधिक कृत्य है। देश भर में बच्चियों और महिलाओं के साथ बढ़ते अपराध में इस आभासी सुख का बड़ा योगदान है और इसे हतोत्साहित करने की जरूरत है। विडंबना देखिए कि ऐसे लोगों के चेहरे को बेनकाब भी किसी ने इसी माध्यम के सहारे किया है।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# सरकार के खिलाफ किसान सभा हुई आक्रामक...!



**मुंबई** : वापसी की बारिश ने राज्य के किसानों को तबाह कर दिया है, लेकिन सूबे की 'ईडी' सरकार बाढ़ प्रभावित किसानों के प्रति असंवेदनशील बनी हुई है। अब 'ईडी' सरकार के खिलाफ अखिल भारतीय किसान सभा भी आक्रामक हो गई है। किसान सभा ने नगर जिले के अकोले में तीन दिवसीय सम्मेलन आयोजित करने का एलान किया है, जिसमें किसानों के मुद्दे को लेकर 'ईडी' सरकार को घेरने की रणनीति बनाई जाएगी। मतलब साफ है कि'ईडी' सरकार को घेरने का यलगार किसानों कर दिया है।

किसान सभा का २३ वां महाराष्ट्र राज्य सम्मेलन ३१ अक्टूबर से २ नवंबर २०२२ तक आयोजित किया गया है। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में किसानों की समस्याओं को लेकर राज्यव्यापी संघर्ष की रणनीति बनाई जाएगी। किसान सभा की ओर से मिली जानकारी के अनुसार सम्मेलन की शुरूआत ३१ अक्टूबर २०२२ को एक भव्य जनसभा के साथ होगी। इस सम्मेलन से पहले राज्यभर में गांव, तहसील और जिला में सभाएं आयोजित की गई थीं। इसमें से चुने गए ३०० प्रतिनिधि और किसान सभा के ७१ राज्य काउंसिल सदस्य इस तीन दिवसीय सम्मेलन के लिए अकोले में उपस्थित रहेंगे। इस सम्मेलन में किसानों और श्रमिकों के विभिन्न मुद्दों को लेकर राज्यव्यापी संघर्ष की योजना बनाई जाएगी।

वापसी की बारिश से खरीफ सीजन पूरी तरह से बर्बाद हो जाने से किसान तबाह हो गए हैं। इस पृष्ठभूमि में राज्य सरकार को किसानों द्वारा लिया गया पूरा कर्ज माफ करना चाहिए। प्रभावित किसानों को तत्काल प्रति हेक्टेयर ५० हजार रुपए की दर से मुआवजा दिया जाना चाहिए। फसल बीमा अग्रिम भरपाई, गन्ने को एफआरपी एकमुश्त २०० रुपए अधिक मूल्य, रेवेन्यू शेयरिंग नीति, सभी उपज को डेढ़ गुना समर्थन मूल्य देने संबंधी कानून, पात्र लाभार्थियों को गरीबी रेखा की सूची में शामिल करने, श्रमिकों को आवास, राशन और वृद्धों को पेंशन, सड़क कॉरिडोर, बांध, रेलवे, हाई-वे तथा हवाई अड्डे आदि विकास कार्यों के लिए अधिग्रहित की गई जमीनों के एवज में किसानों को २०१३ के भूमि अधिग्रहित कानून के तहत मुआवजा और पुनर्वास करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर इस सम्मेलन में विस्तृत चर्चा की जाएगी।

# एक साल में ही १०० लाख करोड़ रुपए से कुछ अधिक विदेशी मुद्रा भंडार में कमी




**मुंबई** : पिछले एक साल में ही १०० लाख करोड़ रुपए से कुछ अधिक विदेशी मुद्रा भंडार में कमी आई है। समाप्त हुए सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार ४.५० लाख करोड़ रुपए घटकर ५२८.३७ लाख करोड़ पर आ गया है। इसकी जानकारी भारतीय रिजर्व बैंक ने दी है। गौरतलब है कि गत ७ अक्टूबर को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार में थोड़ी बढ़ोतरी देखी गई थी, जब विदेशी मुद्रा भंडार २०.४ लाख करोड़ रुपए बढ़कर ५३२.८६८ लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया था। साल भर पहले समान अवधि में देश का विदेशी मुद्रा भंडार ६४५ लाख करोड़ रुपए के अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

# ऑनलाइन मंगाई 1000 रुपये की मिठाई और क्रेडिट कार्ड से कट गए 2.4 लाख

## हैरान कर देगा मुंबई का यह मामला




**मुंबई** : दिवाली के दौरान साइबर क्रिमिनल्स भी जमकर सक्रिय नजर आए। यही वजह रही कि मुंबई में 49 साल की एक महिला ऑनलाइन मिठाई मंगाने के चक्कर में ठगी की शिकार हो गई। मामला यह है कि पीड़िता ने दिवाली के मद्देनजर मिठाई खरीदने के लिए ऑनलाइन ऑर्डर किया था और उसके खाते से 2.4 लाख रुपये निकल गए। पीड़िता ने मामले की जानकारी पुलिस को दी, जिसके बाद आनन-फानन में जांच शुरू कर दी गई। साथ ही, पीड़िता की कुछ रकम रिकवर भी कर ली गई।

**यह है पूरा मामला**

मुंबई के अंधेरी इलाके में रहने वाली पूजा शाह (49 वर्ष) ने एक फूड डिलीवरी एप से मिठाई ऑर्डर की थी। इसके लिए वह एक हजार रुपये का पेमेंट कर रही थीं, लेकिन ट्रांजेक्शन पूरी नहीं हो सकी। इसके बाद महिला ने ऑनलाइन ही मिठाई वाले दुकानदार का नंबर ढूंढा। उन्होंने उस नंबर पर कॉल किया तो दूसरी तरफ मौजूद शख्स ने उनका क्रेडिट कार्ड नंबर और ओटीपी मांग लिया।

**ओटीपी देते ही लग गया चूना**

बताया जा रहा है कि महिला ने जैसे ही ओटीपी दिया उनके क्रेडिट कार्ड से 2,40,310 रुपये साफ हो गए। इसके बाद उन्होंने ओशिवारा पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने 2,27,205 रुपये दूसरे खातों में ट्रांसफर होने से रोक लिए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

# आठ हजार करोड़ रुपए की बिजली गायब!

## नियमित बिजली बिलों का भुगतान करनेवाले आम बिजली उपभोक्ताओं पर भार!




**मुंबई** : महाराष्ट्र के कोने-कोने तक बिजली की आपूर्ति करनेवाली महावितरण कंपनी की साल भर में करीब २० हजार मेगा यूनिट बिजली गायब हो जा रही है।

इस बिजली की कीमत करीब ६,५०० करोड़ रुपए है। इसका महावितरण को कोई हिसाब ही नहीं मिल रहा है। दूसरी तरफ नियमित बिजली बिलों का भुगतान करनेवाले आम बिजली उपभोक्ताओं पर इसका भार मढ़ा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि महावितरण के राज्य में २ करोड़ ६० लाख बिजली उपभोक्ता हैं। इन उपभोक्ताओं को अखंडित बिजली आपूर्ति मुहैया कराने के लिए महीने में १० हजार मेगा यूनिट, जबकि साल में करीब १.२५ लाख मेगा यूनिट आपूर्ति की जाती है। इसमें से तकनीकी नुकसान को छोड़कर शेष सभी बिजली की सप्लाई उपभोक्ताओं तक पहुंचना अनिवार्य है। लेकिन पूरे राज्य में भारी मात्रा में बिजली का रिसाव हो रहा है। इसलिए महावितरण का कुल बिजली नुकसान करीब १५-२० फीसदी है। बिजली आयोग ने भले ही १२-१३ फीसदी बिजली रिसाव को मंजूरी दी हो, लेकिन यह उससे कहीं ज्यादा है। साल २०१७-१८ में १७ हजार मेगा यूनिट बिजली का नुकसान हुआ था। यदि प्रति यूनिट बिजली की दर ४ रुपए पकड़ी जाए तो स्पष्ट है कि ६ हजार ८८७ करोड़ रुपए की बिजली बर्बाद हुई है। उसमें वृद्धि के साथ ही साल २०२१-२२ में करीब आठ हजार करोड़ रुपए की बिजली गायब हुई है।



# फिल्म द इम्मोर्टल अश्वत्थामा में इस वजह से रिप्लेस हुईं सारा अली खान!



**बॉलीवुड** के जाने-माने डायरेक्टर आदित्य धर काफी लंबे समय से अपनी अपकमिंग फिल्म 'द इम्मोर्टल अश्वत्थामा' को लेकर चचाओं में चल रहे हैं. आए दिन इस फिल्म को लेकर कोई न कोई खबर सामने आती रहती है. इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेता विकी कौशल और अभिनेत्री सारा अली खान नजर आने वाले थे. वहीं कुछ रिपोर्ट्स में ऐसा बताया गया था कि मेकर्स फिल्म की कास्ट में कुछ बदलाव करने को सोच रहे हैं. वहीं विकी फिल्म का हिस्सा रहेंगे, लेकिन सारा इस फिल्म में नजर नहीं आएंगी. इसी बीच अब एक रिपोर्ट में सारा के फिल्म से बाहर होने की वजह बताई गई है.

**इस वजह से बाहर हुई सारा**

इंडिया टुडे की एक खबर की मानें तो एक सूत्र ने 'द इम्मोर्टल अश्वत्थामा' में सारा के रिप्लेस होने की वजह बताई है. खबर के मुताबिक, इस फिल्म की पुरानी स्क्रिप्ट के हिसाब से इसमें एक यंग लड़की को कास्ट करने की जरुरत थी, जिसके लिए सारा फिल्म का हिस्सा थीं. हालांकि जब फिल्म को टाला गया, उस दरमियान स्क्रिप्ट में थोड़े बदलाव किए गए, जिसके बाद सारा को इस फिल्म में लेना मुमकिन नहीं है, क्योंकि नई स्क्रिप्ट के हिसाब से थोड़ी बड़ी एक्ट्रेस की जरुरत है.

**इस एक्ट्रेस के नाम की है चर्चा**

रिपोर्ट के मुताबिक, इस फिल्म के लिए मेकर्स अब किसी दूसरी एक्ट्रेस की तलाश कर रहे हैं. वहीं जानी-मानी अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु का नाम चर्चाओं में चल रहा हैं, लेकिन अभी तक कुछ तय नहीं हुआ है. आदित्य धर की ये फिल्म यानी 'द इम्मोर्टल अश्वत्थामा' का लोगों को काफी लंबे समय से इंतजार है. इस फिल्म की कहानी पौराणिक कथाओं के पुनर्कथन पर बेस्ड है. बहरहाल, अब देखना होगा कि आगे इस फिल्म को लेकर और क्या कुछ खबर सामने आती है?

# जब डॉक्टर के मना करने के बावजूद श्रीदेवी ने छोड़ दिया था नॉनवेज





जाह्नवी कपूर ने कम समय में ही बॉलीवुड में अपनी पहचान बना ली है. एक्ट्रेस को लेकर अक्सर कहा जाता है कि उनकी झलक दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी में मिलती है. जाह्नवी इस बात से गर्व तो महसूस करती ही हैं, साथ ही अक्सर मौका मिलने पर अपनी मां से जुड़ी बातें करना पसंद करती हैं. हाल ही में उन्होंने अपनी मां श्रीदेवी को लेकर एक चौंकाने वाली बात साझा की है.

हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान जान्हवी ने पिता की सिगरेट की आदत के बारे में बात करते हुए बताया कि कैसे वह और उनकी खुशी कपूर अपने पापा की सिगरेट छुड़ाने की कोशिश करती थीं. दोनों बहनें मिलकर उनके सिगरेट नष्ट कर दिया करती थीं. उनके मुताबिक, दोनों बहनें मिलकर या तो सिगरेट को काट देती थीं या सिगरेट में टूथपेस्ट डाल देती थीं. यही नहीं, बोनी कपूर की इस आदत से दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी भी परेशान रहती थीं.

जाह्नवी कपूर बात करते हुए आगे कहा 'उनकी इस आदत की वजह से मां (श्रीदेवी) से भी उनकी काफी तकरार होती थी. उनके मुताबिक, एक समय ऐसा आया था जब डॉक्टर के मना करने के बावजूद श्रीदेवी ने नॉनवेज खाना छोड़ दिया था. डॉक्टर ने कहा था कि श्रीदेवी की कमजोर सेहत के कारण उन्हें नॉनवेज खाना जरूरी था, लेकिन वो बोनी कपूर की सिगरेट छुड़ाना चाहती थीं इसलिए वो वेजिटेरियन बन गईं, उन्होंने कहा मैं नॉनवेज नहीं खाऊंगी, जब तक तुम स्मोकिंग नहीं छोड़ते' इसके आगे जाह्नवी कपूर ने बताया कि उनके पिता करीब चार-पांच साल पहले यानी श्रीदेवी के निधन के बाद इस आदत को छोड़ चुके हैं. बात जाह्नवी के वर्क फ्रंट की करें तो जल्द ही वह एक्टर राजकुमार राव के साथ फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज माही' में नजर आने वाली हैं.

# लूट का आभूषण खरीदने वाले कारोबारी को मुंबई पुलिस ने किया गिरफ्तार...!




**मुंबई** : लूट का आभूषण खरीदनेवाले कारोबारी को मुंबई पुलिस ने उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया है। दरअसल, मुंबई के माटुंगा क्षेत्र में एक कारोबारी के घर लूट की आपराधिक वारदात को अंजाम दिया गया था। इस मामले में आभूषण कारोबारी का भाई फरार है, जो अपराधियों से संपर्क कर डील करता था। पुलिस उसकी तलाश कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक जून महीने में माटुंगा में रहनेवाले एक कारोबारी के घर चोरी की वारदात को अंजाम दिया गया था। इस घटना को कारोबारी के घर ६ साल पहले काम करनेवाले नौकर ने अंजाम दिया था। घर में बिना कोई तोड़फोड़ किए आरोपी नकदी सहित सोने-चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गया था। इस मामले में माटुंगा पुलिस ने उत्तर प्रदेश से आरोपी नौकर को गिरफ्तार किया था। हालांकि इस दौरान आरोपी ने सोना और नगदी के बारे में कुछ नहीं बताया। आखिरकार, पुलिस ने आरोपी से हमदर्दी जताते हुए उसका भरोसा जीत लिया और आरोपी ने बस्ती जिले में रहनेवाले एक आभूषण कारोबारी का पता बताया। इसके बाद पुलिस उपनिरीक्षक विनोद पाटील की टीम ने आरोपी की निशानदेही पर बस्ती में चोरी का सोना खरीदनेवाले आरोपी को पकड़ लिया। हालांकि इस घटना का एक आरोपी फरार है।

# अनाथों को एक प्रतिशत आरक्षण

## हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को कानून का पाठ पढ़ाया...



**मुंबई** : अनाथों को सरकारी नौकरी व शैक्षणिक संस्थानों में एडमिशन में एक प्रतिशत आरक्षण देने की नीति पर मुंबई हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को कानून का पाठ पढ़ाया है। हाई कोर्ट ने कहा है कि इस तरह की नीति लागू करने के लिए कानून में कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे में इस नीति पर राज्य सरकार पुनर्विचार करे। दरअसल महाराष्ट्र प्रशासकीय न्यायाधिकरण (मैट) ने २२ जुलाई को अर्जुन टरके नामक युवक के आवेदन पर सुनवाई के बाद उसे अनाथ श्रेणी में क्लर्क कम टाइपिस्ट पद पर आवेदन करने की छूट दी थी। इसके साथ ही महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग (एमपीएससी) को निर्देश दिया था कि वह पद के लिए होनेवाली मेन परीक्षा के लिए टरके का आवेदन स्वीकार करने के लिए ऑनलाइन लिंक खोले। मैट के आदेश के खिलाफ एमपीएससी ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। मुख्य न्यायाधीश दीपांकर दत्ता व न्यायमूर्ति माधव जामदार की खंडपीठ ने कहा कि एक खास वर्ग को लाभ देने के लिए आरक्षण का प्रावधान किया गया है लेकिन संविधान में अनाथ वर्ग को आरक्षण के विषय में कोई प्रावधान नहीं है इसलिए राज्य सरकार अनाथों के आरक्षण को लेकर बनाई गई नीति पर पुनर्विचार करे अन्यथा यह आरक्षण चुनौती का विषय बन सकता है क्योंकि सरकारी नौकरी में सभी अभ्यर्थी समान व्यवहार चाहते हैं।

एमपीएससी ने साल २०२१ में राज्य सरकार की सी ग्रेड के ९०० पद भरने के लिए विज्ञापन जारी किया था। इन पदों के लिए आवेदन करनेवाले अभ्यर्थियों को प्रारंभिक और मेन परीक्षा देनी थी। टरके ने प्रारंभिक परीक्षा पास की थी लेकिन उसे टाइपिंग नहीं आती थी जबकि टाइपिंग की योग्यता इस नौकरी के लिए जरूरी थी। लिहाजा टरके ने ७ जुलाई २०२२ के शासनादेश के आधार पर मेन परीक्षा के लिए आवेदन किया। लेकिन एमपीएससी ने टरके के आवेदन को स्वीकार नहीं किया। जिसके बाद टरके ने मैट में आवेदन दायर किया।


# ठाणे/ मनपा अस्पताल की एंबुलेंस 'ऑन ड्यूटी'




**ठाणे** : मनपा आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग को आदेश देते हुए कहा है कि मनपा अस्पताल में आनेवाले मरीजों की हालत गंभीर होने पर उन्हें किसी भी अस्पताल में भेजने के लिए मनपा की एंबुलेंस का इस्तेमाल होना चाहिए साथ ही जिस अस्पताल में बेड उपलब्ध है, उसी अस्पताल में मरीज भेजने का आदेश दिया है। आयुक्त के इस निर्णय से मनपा अस्पताल की एंबुलेंस' ऑन ड्यूटी' रहेगी और मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा मिल सकेगी।

मनपा आयुक्त अभिजीत बांगर ने बताया कि मनपा ने ठाणे में १२ से १८ आयु वर्ग के १०० प्रतिशत बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य निश्चित किया है। दीपावली की छुट्टी के बाद आयुक्त ने विद्यालय के अनुसार टीम बनाकर इस आयु वर्ग का टीकाकरण जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया है।

ठाणे शहर को एक और केंद्रीय पैथोलॉजी लैब की जरूरत है इसलिए सीआर वाडिया अस्पताल में लैब के काम को तत्काल प्राथमिकता से शुरू करने का निर्देश उन्होंने अधिकारियों को दिया है। आयुक्त ने कहा कि मनपा के सभी ३० प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और सभी क्लीनिक सैंपल लेकर इस पैथोलॉजी में जांच के लिए आएंगे। वहीं उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को शहर में कितने मरीज आते हैं और उनका इलाज वैष्सा चल रहा है? इसकी रिपोर्ट भी देने का निर्देश दिया है ठाणे मनपा आयुक्त ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को विश्वास दिलाया है कि विभाग को किसी भी प्रकार से निधि की कमी नहीं होगी।



# कैब ड्राइवर की गलती से छूटी पैसेंजर की फ्लाइट, लगा 20 हजार का जुमार्ना...!

**मुंबई :** मुंबई से उपभोक्ताओं के हित से जुड़ी खबर सामने आई है। जिला उपभोक्ता कोर्ट ने उबर इंडिया को एक महिला पैसेंजर को बतौर जुर्माना 20 हजार रुपए भुगतान करने का आदेश दिया है। महिला पैसेंजर ने कंज्यूमर कोर्ट में दाखिल याचिका में उबर पर गंभीर आरोप लगाया था। अपनी शिकायत में महिला ने कहा कि उबर कैब चालक की वजह से उनकी फ्लाइट छूट गई। इसके बाद उन्हें दूसरी फ्लाइट बुक करनी पड़ी थी।




कोर्ट ने महिला यात्री के दावे को सही पाते हुए उबर इंडिया को दोषी पाया और कंपनी को पैसेंजर को मुआवजा देने का निर्देश दिया। दरअसल, डोंबिवली की कविता शर्मा ने 12 जून 2018 में मुंबई एयरपोर्ट से फ्लाइट पकड़ने के लिए दोपहर 3 बजकर 29 मिनट पर उबर की टैक्सी बुक की थी। कविता की शाम साढ़े पांच बजे की फ्लाइट थी। कविता ने आरोप लगाया कि ड्राइवर कई बार कॉल करने के बाद वह उनके पास 14 मिनट देरी से पहुंचा। साथ ही सीएनजी भरवाने के चक्कर में सीएनजी स्टेशन पर भी 15-20 मिनट बर्बाद हुए। जिसकी वजह से वो एयरपोर्ट पर समय से नहीं पहुंची और उनकी फ्लाइट छूट गई।

बता दें कि कविता शर्मा ने बताया कि कैब ड्राइवर जब उनके पास पहुंचा उसके बाद भी वो किसी से फोन पर लगातार बातचीत कर रहा था। जब उसकी बातचीत खत्म हो गई तब उसने कैब चलाना शुरू किया। जब तक पीड़िता एयरपोर्ट पहुंची तब तक 5:23 मिनट हो चुके थे और इस तरह से उनकी फ्लाइट मिस हो गई। बात यहीं खत्म नहीं हुई जब टैक्सी बुक की गई थी तब फेयर 563 रुपए बताया गया था लेकिन जब यात्रा पूरी हुई तब बिल 703 रुपए हो गया।

इसके बाद ज्यादा किराए की शिकायत कविता शर्मा ने सोशल मीडिया के माध्यम से उबेर कंपनी से की थी। इस मामले में कंपनी ने उन्हें 139 रुपए वापस भी किए गए। हालांकि इस पूरे मामले को लेकर कविता शर्मा ने ठाणे जिले की कंस्यूमर कोर्ट में शिकायत भी दर्ज करवाई थी। जिसके बाद कंपनी को नोटिस भी भेजा गया। इस मामले में उबेर ने जवाब दिया गया कि वह ड्राइवर की गलती के लिए जिम्मेदार नहीं है। वह एक एग्रीगेटर की भूमिका निभाते हैं। उबेर ने यह भी तर्क दिया कि ड्राइवर न तो हमारे स्टाफ हैं और न ही हमसे जुड़ी हुई किसी कंपनी के। बता दें कि कंस्यूमर कोर्ट ने आदेश में कहा कि जिस मोबाइल एप के जरिए ये कैब सर्विस बुक की जाती है उसे मैनेज और कंट्रोल करने का काम उबेर कंपनी करती है। इसके अलावा पैसों का लेनदेन भी इसी एप द्वारा मैनेज किया जाता है। शिकायतकर्ता ने उबेर कंपनी की इसी एप के माध्यम से कैब बुक किया और पैसे दिए। महिला ने ड्राइवर को पैसे नहीं दिए थे। इसलिए आप जिम्मेदारी से पीछे नहीं हट सकते। कंज्यूमर कोर्ट ने उबर को महिला को 10 हजार रुपए मानसिक कष्ट और 10 हजार रुपए मुकदमे पर आए खर्च के तौर पर भुगतान करने का आदेश दिया।


# मुंबई में डेंगू का कहर!

## सलमान खान की बिल्डिंग गैलेक्सी अपार्टमेंट में BMC को 2 जगहों पर मिला डेंगू का लार्वा



**मुंबई:** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान हाल ही में डेंगू के शिकार हो गए है वहीं अब उनकी बिल्डिंग गैलेक्सी अपार्टमेंट में दो जगहों पर डेंगू का लार्वा मिला है। बीएमसी के मुताबिक, जांच के दौरान सलमान के घर के अंदर तो लार्वा नहीं मिला लेकिन उनकी बिल्डिंग में दो अलग-अलग जगहों पर डेंगू का लार्वा मिला है जिसके बाद बीएमसी ने इमारत में किटाणु मुक्त छिड़काव भी किए हैं। बता दें कि हाल ही में सलमान खान को डेंगू हुआ था जिसके बाद उन्होंने बिग बॉस शो से आफ ले लिया था। इतना ही नहीं तबीयत खराब होने की वजह से सलमान ने बिग बॉस का वीकेंड का वार भी होस्ट नहीं किया था वहीं अब उनकी जगह करण जौहर शो होस्टिंग कर रहे है। डेंगू होने के बाद सलमान खान को बीते दिन पहली बार आयुष शर्मा की बर्थडे पार्टी में स्पॉट किया गया है जहां वह अब पहले फिट नजर आ रहे है।

# पिता का अवैध संबंध, मां को धमकी परेशान होकर 13 साल की बच्ची ने ट्रेन से कटकर जान दी



पारिवारिक कलह के चलते 13 साल की एक बच्ची ने ट्रेन के आगे कूदकर अपनी जान दे दी। मां-बाप के बीच उपजे विवाद की कीमत बच्ची को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी। बच्ची की ट्रेन से कटकर मौत होने की सूचना मिलते ही काफी लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। बच्ची की पहचान अंजली पुत्री संतोष कुमार निवासी ग्राम भोलापुरवा थाना परसपुर के रूप मे की गई। बच्ची अपने ननिहाल पूरे संगम बमडेरा मे अपनी मां सीमा के साथ रह रही थी। बच्ची की मां सीमा के अनुसार पति संतोष के बीच दांपत्य जीवन मधुर नहीं थे। सीमा का आरोप है कि पति का किसी गैर महिला के साथ अवैध संबंध है। इसको लेकर मां-बेटी के साथ अक्सर मारपीट की जाती थी। इससे परेशान होकर वह अपने मायके में रह रही थी।

पति को हरकतों और न्याय की गुहार पुलिस से भी की गई थी। 20 मई को जिले के मुखिया पुलिस कप्तान को पत्र के माध्यम से शिकायत कर न्याय की गुहार भी लगाई थी। इसे लेकर ससुराल की तरफ से आये दिन धमकी भी दी जा रही थी। इस कारण बच्ची डरी सहमी रहती थी। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक कटरा बाजार चितवन कुमार ने बताया कि शिकायत के बारे में उन्हे कोई जानकारी नहीं है। मेरे यहां इस नाम से कोई शिकायती पत्र नहीं आया है।

# अनंत सिंह की पत्नी के लिए प्रचार करेंगे नीतीश कुमार?

## बीजेपी ने पूछा- कहां गई जीरो टॉलरेंस नीति?

**पटना :** गोपालगंज और मोकामा विधानसभा सीट पर उपचुनाव होने जा रहा है. लगातार चुनाव प्रचार भी जारी है. बीजेपी और आरजेडी में मुख्य लड़ाई है. बीजेपी से बाहुबली ललन सिंह की पत्नी सोनम देवी उम्मीदवार हैं तो वहीं आरजेडी से अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी को टिकट दिया गया है. दोनों बाहुबलियों की पत्नी हैं. ऐसे में चुनाव दिलचस्प होने वाला है. इधर बीजेपी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सदस्य सुशील कुमार मोदी ने सीएम नीतीश कुमार पर हमला होला है.

**अनंत सिंह पर 38 आपराधिक मामला: सुशील मोदी**

सुशील कुमार मोदी ने कहा कि शराबबंदी और अपराध पर



जीरो टॉलरेंस का दंभ भरने वाले नीतीश कुमार गोपालगंज में शराब माफिया मोहन गुप्ता और मोकामा में आंचलिक आतंक के पर्याय अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी के लिए किस मुंह से वोट मांगने जाएंगे? कहा कि अनंत सिंह पर पुटुस यादव की बर्बर तरीके से हत्या करने सहित 38 आपराधिक मामले दर्ज हैं. उनके परिसर से एके-47 और हैंड ग्रेनेड बरामद होने के कारण दस साल की सजा हुई.

**'अनंत सिंह जब तक जेडीयू में थे छापा नहीं पड़ा'**

सुशील कुमार मोदी ने कहा कि अनंत सिंह जब तक जेडीयू में थे उनके यहां पुलिस का छापा नहीं पड़ा, लेकिन ललन सिंह को चुनौती देते ही उनके यहां छापा पड़ गया. अब नीतीश कुमार उसी अनंत सिंह की पत्नी के पक्ष में प्रचार करने जाएंगे. उन्होंने कहा कि गोपालगंज से आरजेडी उम्मीदवार मोहन गुप्ता गोवा की शराब कंपनी सिल्वर हेरीटेज स्पिरिट लिमिटेड के मालिक हैं. पिछले दिनों इसी कंपनी का शराब टैंकर झारखंड में जब्त कर मुकदमा दर्ज किया गया.

# आरे कॉलोनी में डेढ़ साल की बच्ची का जान लेने वाला आदमखोर तेंदुआ पकड़ा गया...!



**मुंबई:** गोरेगांव के आरे कॉलोनी में मंगलवार को डेढ़ साल की बच्ची पर हमला करने वाले तेंदुए (छीड्ढस्न्रं१) को वन विभाग की टीम ने पकड़ लिया. तेंदुए को पकड़े जाने के बाद उसे बोरीवली के संजय गांधी नेशनल पार्क में ले जाया गया है. आदमखोर तेंदुए ने सोमवार सुबह करीब 6.30 बजे बच्ची पर तब हमला किया, जब वह अपनी मां के साथ मंदिर जा रही थी. उस समय तेंदुए ने बच्ची पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया. बच्ची को घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मंगलवार को मृत घोषित कर दिया.

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं 3 - 4, अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोनावला क्रॉस रोड नं 12, गोरगांव (पूर्व), मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com